समाचार

बुधवारी बाजार में ट्रेफिक अवरोध न हों, व्यापारीगण सहयोग दें

(अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा एवं ट्रेफिक सूबेदार भुवनेश्वर कश्यप ने बुधवारी बाजार के थोक व फुटकर व्यवसायियों की ली बैठक)

कोरबा 25 अप्रैल 2019 –अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा एवं ट्रेफिक सूबेदार भुवनेश्वर कश्यप ने बुधवारी बाजार के सब्जी व फल विक्रेताओं व अन्य व्यापारियों से कहा है कि बुधवारी साप्ताहिक बाजार के दिन वहां पर ट्रेफिक अवरोध उपस्थित न हों, इस हेतु व्यापारीगण अपना सहयोग दें, दुकानें निर्धारित स्थल तक ही लगाई जाएं, व्यापारीगण अपने वाहन पार्किंग में ही खड़ा करें, बाजार में पहुंचने वाले आमजन भी अपने वाहन अनिवार्य रूप से पार्किंग में लगाएं ताकि वहां की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहें।

आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने यातायात सूबेदार भुवनेश्वर कश्यप की उपस्थिति में बुधवारी साप्ताहिक बाजार के थोक एवं फुटकर व्यवसायियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक के दौरान बुधवार के दिन बुधवारी बाजार में होने वाले ट्रेफिक अवरोध तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई, इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री शर्मा ने उपस्थित व्यवसायियों से कहा कि बुधवारी बाजार में बाजार लगने के दिन ट्रेफिक अवरोध उपस्थित होता है, इसका मुख्य कारण वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग किया जाना हैं, व्यवसायीगण अपने वाहनों को अपनी दुकान के सामने न रखें, महिला समृद्धि योजना की दुकानों के पीछे निगम द्वारा विकसित की गई पार्किंग में ही वाहन पार्क करें, साथ ही व्यापारीगण अपनी दुकान निर्धारित स्थल तक ही लगाए तथा सड़क एवं फुटपाथ पर आगे तक दुकान न बढ़े, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें। उन्होने व्यवसायियों से कहा कि बाजार लगने के दिन यातायात विभाग एवं नगर निगम के कर्मचारीगण वहां पर उपस्थित रहकर पार्किंग व्यवस्था सुव्यवस्थित करना सुनिश्चित करेंगे, इस संबंध में दोनों विभाग अपने–अपने कर्मचारियों की तैनाती करेंगे।

<u>पार्किंग स्थल पर वाहन पार्क करने आमजन से अपील</u>– नगर पालिक निगम कोरबा प्रशासन एवं यातायात विभाग द्वारा आमनागरिकों से अपील की गई है कि बुधवारी बाजार में बाजार लगने के दिन होने वाले ट्रेफिक अवरोध से बचने के लिए वे अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही लगाएं। बुधवारी बाजार स्थित महिला समृद्धि बाजार योजना के पीछे निगम द्वारा पार्किंग का निर्माण कराया गया है, आमजन से अपील है कि वे अपने वाहन उक्त पार्किंग स्थल पर ही

अनिवार्य रूप से लगाएं ताकि ट्रेफिक अवरोध उपस्थित न हों तथा आमनागरिकों को अनावश्यक रूप से असुविधा का सामना न करना पड़े।

<u>फुटओव्हर ब्रिज का उपयोग करें</u>– अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने बैठक में कहा कि पार्किंग स्थल से सीधे बाजार तक पहुंचने हेतु निगम द्वारा फुटओव्हर ब्रिज का निर्माण कराया गया है, जिससे पार्किंग स्थल में वाहन पार्क करने के पश्चात कम दूरी तय कर बाजार तक पहुंचा जा सकता है, उन्होने व्यापारियों तथा आमजन से अपील करते हुए कहा कि पार्किंग स्थल से बाजार पहुंचने हेतु इस फुटओव्हर ब्रिज का उपयोग करें तथा सामान खरीदी के पश्चात पुनः फुटओव्हर ब्रिज का उपयोग कर पार्किंग स्थल तक पहुंचे, ताकि वहां की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे।

बैठक के दौरान यातायात सूबेदार भुवनेश्वर कश्यप, निगम के राजस्व अधिकारी अशोक बनाफर, यातायात विभाग से चन्द्रेश राठौर, व्यापारी संघ के पदाधिकारी सर्वश्री विकास केशरवानी, रमेश कुमार साहू, प्रदीप जैन, छेदीलाल केशरवानी, रमेश कुकरेजा, रवि कृपलानी, महेश केशरवानी, मालिकराम, उमाशंकर, विनोद साहू, सुरेश केशरवानी, बृजकिशोर नामदेव, छोटेलाल गुप्ता, धरमराज साहू, भीलू केशरवानी, शुभम लहरे, देवेन्द्र लहरे, देवव्रत शुक्ला, चन्द्रकुमार साहू, जयकिशोर साहू, राजू गुप्ता, संतोष केशरवानी आदि के साथ अन्य व्यवसायीगण उपस्थित थे।